




# मालवा फर्स्ट

MALWA FIRST

RNI NO. MPHIN38290 (TC)

नीमच, रविवार

17 दिसम्बर 2023

वर्ष 01, अंक 15 - मूल्य 02 रूपए


E-mail: nmh_pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866

**Commodity :** Gold - 55,416 | Silver - 63,450 | Natural Gas - 212,00 | Aluminium - 205,60 | Copper - 759,40

### सीएम के निर्देश के बाद शुरू हुई कवायद, जिला प्रशासन व पुलिस विभाग ने ली सर्व समाज की बैठक

# लाउडस्पीकर और मांस दुकानों को अन्यत्र लगाने बनी सहमति ,डीजे रहेगा प्रतिबंधित

मालवा फर्स्ट

नीमच, 17 दिसम्बर 2023, रविवार

नीमच। मध्य प्रदेश के नवागत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 13 दिसंबर को सीएम का पदभार ग्रहण करने के बाद धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने और खुले में मांस बिक्री पर पाबंदी लगाने सहित कई अहम आदेश जारी किए थे आदेश जारी करने के दूसरे दिन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खुले में मांस मछली के विक्रय पर प्रभावी रोक लगाई जाए और धार्मिक स्थलों अथवा अन्य स्थानों पर निर्धारित मापदंड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। इस संबंध में धर्म गुरुओं से संवाद व समन्वय एवं चर्चा करने के निर्देश भी दिए गए थे। उक्त निर्देशों के पालन में शुक्रवार को कंट्रोल रूम पर एसडीम ममता खेड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक फूल



सिंह परस्ते और नगर पालिका सीएमओ महेंद्र वशिष्ठ द्वारा सर्व समाज धर्मगुरु और हिंदू मुस्लिम संगठनों की आवश्यक बैठक ली। बैठक के संदर्भ में एसडीम ममता खेड़े और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने और खुले में मांस बिक्री पर पाबंदी लगाने के सम्बंध में आज सर्व समाज की बैठक ली गई है जिसमें सर्व सहमति से धार्मिक स्थल अथवा अन्य स्थानों पर निर्धारित मापदंड के अनुरूप ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने एवं खुले में मांस मछली के विक्रय पर रोक लगाने को लेकर सहमति बनी है, वही डीजे के उपयोग पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया गया है, नगर पालिका अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि खुले में मांस विक्रय को चिन्हित कर मांस विक्रेताओं को समझाइए देकर नियत स्थान पर ही मांस का विक्रय कराया जाए।

## काम की खबर

### राष्ट्रीय जूनियर जिमनास्टिक प्रतियोगिता में नीमच की बेटी का हुआ चयन



नीमच। नीमच के ग्राम भोलियावास स्थित मैक्स जिम्नास्टिक सेंटर पर अभ्यास करने वाली जिम्नास्ट देविशा चौधरी का चयन राष्ट्रीय जूनियर जिमनास्टिक प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जो दिनांक 28 दिसंबर से 30 दिसंबर 2023 कलिंगा स्टेडियम भुवनेश्वर में होने जा रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मध्यप्रदेश जिमनास्टिक संगठन द्वारा इंदौर में दिनांक 13 दिसंबर को चयन प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। जिसमें नीमच की जूनियर बालिका देवीशा चौधरी प्रथम स्थान पर चयनित हुई हैं। जो आगामी 28 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक होने वाले जिमनास्टिक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दिनांक 25 दिसंबर को भुवनेश्वर के लिए रवाना होगी। जिमनास्ट देविशा मैक्स जिम्नास्टिक सेंटर भोलियावास में कोच राजकुमार सिन्हा और सेम डेविड की देखरेख में अभ्यास करती हैं। इसके अतिरिक्त देविशा चौधरी व दिव्य तंवर दिनांक 14 दिसंबर 2023 को राष्ट्रीय स्कूल खेल जिमनास्टिक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मध्यप्रदेश टीम के साथ दिल्ली रवाना हो रहे है जो कि दिनांक 16 दिसंबर से 23 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित होने जा रही है। नीमच की बेटी का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन होने के बाद क्षेत्रवासियों द्वारा बालिका को बधाई शुभकामनाएं दी गई।

### नायलॉन या किसी सिंथेटिक सामग्री से बने डोर (मांझा) पतंग स्ट्रिंग पर प्रतिबंध- कलेक्टर

मंदसौर । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत आगामी मकर संक्रांति पर्व के दौरान लोक हितो को दृष्टिगत रखते तथा कानून व्यवस्था सामान्य बनाए रखते हुए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करते हुए नायलॉन, चीनी और कपास के साथ लेपित मांझा (चायनीज मांझा) कांच के साथ लागू होता है, क्योंकि यह मनुष्यों और पक्षियों दोनों के लिये हानिकारक है, जिससे इसके निर्माण एवं विक्रय पर प्रतिबंध रहेगा । सिंथेटिक सामग्री, मांझा के विनिर्माण, (चायनीज मांझा) के ब्रिकी, भंडारण (दुकानों में) खरीद और उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश सर्वसाधारण को संबोधित हैं और इसकी तामिली प्रत्येक व्यक्ति पर सम्यकरूपेण करना और उसकी सुनवाई संभव नहीं है अत: दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 (2) के तहत यह आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किया जाता है। यह आदेश जारी होने के दिनांक से आगामी दो माह की अवधि तक प्रभावशील रहेगा।




# नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुति के साथ हुआ एड्स जागरूकता पखवाड़े का समापन





नीमच। श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच में विश्व एड्स दिवस पखवाड़े के समापन अवसर पर नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुति छात्राओं द्वारा दी गई। वरिष्ठ स्वयं सेविका एवं रेड रिबन क्लब कैंपस एंबेसडर कु. पायल परमार व कु. सीमा शर्मा के मार्गदर्शन में तैयार नुक्कड़ नाटक में कु. सविता परमार, कु. नाहिद खान, कु. कोमल मेहडा, कु. जया चौहान, कु. मुस्कान जैन ,कु. ज्योति, कु.पायल बंजारा, कु .तस्लीम शेख एवं कु. हेमलता बनोधा ने एड्स जागरूकता की थीम को विषय की गंभीरता व बेहद प्रभावशाली माध्यम से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय में 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक विश्व एड्स दिवस पखवाड़े का आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली निर्माण, समूह रंगोली, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, शॉर्ट मूवी निर्माण, हैंड पेंटिंग, फेस पेंटिंग, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, बैनर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन तो किया ही गया। इसके साथ-साथ जागरूकता हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन.के डबकरा द्वारा छात्राओं को एड्स जागरूकता की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर एड्स जागरूकता हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत भी की गई। इसी क्रम में एड्स जागरूकता हेतु पेम्पेलेट वितरित किए गए।

### नपा ने चलाया हुडको कॉलोनी में विशेष स्वच्छता अभियान



नीमच। नगरपालिका परिषद्, नीमच द्वारा शासन आदेशानुसार स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य नपा अधिकारी महेन्द्र वशिष्ठ के निर्देशानुसार स्थानीय हुडको कॉलोनी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर हुडको कॉलोनी क्र. 1 में बैकलाईन की सफाई कर नालियों में जमी गाद व कचरा निकाला गया।

विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत हुडको कॉलोनी में सफाई कार्य के दौरान स्वास्थ्य सभापति धर्मेश पुरोहित व वार्ड पार्षद कमल शर्मा ने मौके पर उपस्थित होकर सफाई कार्य का निरीक्षण किया व मौके पर उपस्थित स्वच्छता निरीक्षक भारतसिंह भारद्वाज को आवश्यक निर्देश दिये।




### सांसद गुप्ता ने विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# जिले की विकसित भारत संकल्प यात्रा का कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम से हुआ शुभारंभ

मंदसौर। सांसद सुधीर गुप्ता ने विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ऑडिटोरियम से ही यात्रा का शुभारंभ भी किया गया। यह यात्रा 16 दिसंबर से 26 जनवरी तक पूरे जिले में चलेगी। इस दौरान यह यात्रा प्रत्येक गांव का भ्रमण करेगी। शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, सीईओ जिला पंचायत कुमार सत्यम, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, मंदसौर जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा, नानालाल अटोलिया, बंशीलाल गुर्जर, मदन लाल राठौर सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, जिला अधिकारी, बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद थे। इस अवसर पर



सांसद सुधीर गुप्ता द्वारा कहा गया कि आज हम सभी के लिए हर्ष और उल्लास का दिन है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से विकसित भारत का संकल्प गांव-गांव तक पहुंचेगा। सबका साथ सबका विकास की संकल्पनाओं के आधार पर सरकार काम कर रही है। आमजन की जो भी समस्याएं थी जिनका समाधान सरकार ने किया है। यह यात्रा ही विकास के संकल्प की यात्रा है। इसके अंतर्गत 17 योजनाओं को शामिल किया गया है। जिसका लाभ आम जनता को मिलेगा। उन्होंने विशेष तौर पर कहा की सभी आम नागरिक इन योजनाओं से जुड़े तथा योजना का लाभ लेवे एवं जीवन को नहीं राह पर ले जाए।

पूर्व विधायक श्री सिसोदिया द्वारा कहा गया कि भारत हमारा विकसित होगा। समृद्ध भारत सशक्त भारत होगा। हितग्राही मूलक योजना का लाभ जनता को मिलेगा।

श्री बंशीलाल गुर्जर द्वारा कहा गया कि विगत 10 वर्षों की योजनाओं को यह संकल्प यात्रा धरातल पर उतारेंगी तथा जिनको लाभ नहीं मिला है उनको लाभ प्रदान करेगी। यह संकल्प यात्रा प्रत्येक गांव तक जाएगी। मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से भी हितग्राही योजनाओं के लाभ की जानकारी लोगो को बताएंगे।

# सीएम के आदेश के बाद धार्मिक स्थलों से स्वेच्छिक रूप से लाउडस्पीकर हटाए

नीमच। मध्यप्रदेश के नवागत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पदभार ग्रहण करने के बाद धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने और खुले में मांस बिक्री पर पाबंदी लगाने सहित कई अहम आदेश जारी किए ओर अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर आदेशो के पालन के निर्देश दिए। उक्त निर्देशों के पालन में शुक्रवार को कंट्रोल रूम पर एसडीम ममता खेड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक फूल सिंह परस्ते और नगर पालिका सीएमओ महेंद्र वशिष्ठ द्वारा सर्व समाज धर्मगुरु और हिंदू मुस्लिम संगठनों की आवश्यक बैठक ली जिसमे सभी ने सीएम के आदेशों के पालन में अपनी सहमति जताई। बैठक समाप्ति के बाद ही अधिकारियों के आदेशों का पालन करते हुवे धार्मिक स्थलों से स्वेच्छिक रूप से पुलिस की मौजूदगी में लाउडस्पीकर हटाए गए। बता दे कि सीएम ने धार्मिक स्थलों अथवा अन्य स्थानों पर निर्धारित मापदंड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए है। जिसका पालन भी शहर में होता दिखाई दिया।

### मांस विक्रय करने वाली दुकान पर दी समझाईश

नयागांव। मध्यप्रदेश के नये मुखिया ने शपथ ग्रहण समारोह के बाद अधिकारीयों की बैठक लेकर ज्यो निर्णय पशु मांस मछली विक्रय करने वाले दुकान के लिए लिया गया जिसको लेकर शुक्रवार को नगर परिषद नयागांव क्षेत्र में खुले में तथा बिना अनुमति पत्र( लाइसेंस) अथवा लायसेंस शर्तो का उल्लंघन करते हुए पशु मांस तथा मछ्ली के विक्रय करते पाए जाने पर मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 253, 254 तथा 255 एवम मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 268 एवम 269 के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में कार्यवाही की गई और समझाईश दी गयी कि अगर कोई भी बिना लाइसेंस के मांस ,मछली विक्रय नही करेगा नियमो का उल्लंघन करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

### भारतीय कला एवं संस्कृति को सृद्ढ बनाने को लेकर सांसद सुधीर गुप्ता ने लोकसभा में किया प्रश्न



मंदसौर। सांसद सुधीर गुप्ता ने भारतीय संस्कृति, लोककला आदि को सृद्ढ बनाने को लेकर लोकसभा में प्रश्न किया। सांसद गुप्ता ने प्रश्न करते हुए कहा कि सरकार द्वारा दिल्ली के लाल किले में भारतीय कला, वास्तुकला और डिजाइन द्विवार्षिक 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का क्या उदेश्य है। इससे भारतीय कला को किस प्रकार सृद्ढ़ बनाया जा सकता है। इस आयोजन में क्या कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और उनके लक्ष्य और उदेश्य क्या है। साथ ही इस आयोजन में कितना व्यय किया जा रहा है। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए देश भर से कलाकारों और क्यूरेटरों को आमंत्रित किया है।

प्रश्न के जवाब में संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बताया कि लाल किला, दिल्ली में 9 से 15 दिसम्बर, 2023 तक भारतीय कला, वास्तुकला डिजाइन द्विवार्षिकी, 2023 का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन कार्यक्रम 8 दिसम्बर, 2023 को आयोजित किया गया। यह जनता के लिए 31 मार्च 2024 तक खुला रहेगा।

# श्री राम जानकी विवाह उत्सव आज बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा

नीमच। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी श्री राम मन्दिर तिलक मार्ग नीमच पर श्री राम जानकी विवाह उत्सव रविवार दिनांक 17 दिसम्बर को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान श्री राम की बारात सायं 5 बजे नरसिंह मन्दिर घंटाघर से गाजे बाजे के साथ आएगी, मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत के पश्चात बारात श्री राम मन्दिर पहुंचेगी। श्री राम मन्दिर पर बारात स्वागत एवम् तोरण होगा तथा दूल्हे बने भगवान श्री राम जी की आरती होगी। बारात स्वागत पश्चात विवाह संस्कार पण्डित श्री जीवन जी तिवारी द्वारा श्री राम मन्दिर पर संपन्न करवाए जाएंगे। माहेश्वरी समाज अध्यक्ष सुरेश अजमेरा, सचिव नवीन गट्टानी एवम् मन्दिर प्रमुख लक्ष्मीनारायण तोतला ने सभी भक्तों से अनुरोध किया है कि सपरिवार श्री राम जानकी विवाह महोत्सव में पधारकर धर्मलाभ लेवें। उपरोक्त जानकारी प्रवक्ता दीपक मून्दड़ा द्वारा दी गई।

# 67 वीं शालेय राज्य स्तरीय रोलबॉल प्रतियोगिता का हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ शुभारंभ हुआ

मंदसौर। 67वीं शालेय राज्य स्तरीय रोलबॉल प्रतियोगिता 16 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2023 तक पांच दिवसीय का शुभारंभ सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष रमा देवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता प्रितेश चावला, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कुमार सत्यम, मुख्य निरीक्षक सुरेंद्र सिंह परिहार, तकनीकी विशेषज्ञ सावित्री मालवीय, रोलबॉल के ऑल इण्डिया फेडरेशन अध्यक्ष चेतन भाटकर के आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। सभी अतिथियों का स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी टेरेसा मिंज, जिला क्रीड़ा अधिकारी बीएल बारीवाल, संयोजक धर्मपाल सिंह देवड़ा,डीपीसी लोकेंद्र डाबी, उत्कृष्ट प्राचार्य डॉक्टर विनीता प्रधान,महारानी लक्ष्मीबाई के प्राचार्य केसी सोलंकी,पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी अशोक शर्मा, योजना अधिकारी प्रदीप मुजावदिया, प्राचार्य रविन्द्र कुमार दवे, बीईओ उमाशंकर पांडे,व्यायाम शिक्षक रघुवीर मालवीय, राकेश श्रीवास्तव, सचिन काले, विजय बैरागी, शांता व्यास, महेंद्र शुक्ला आदि ने स्वागत किया।

**रोलबॉल प्रतियोगिता की राष्ट्रीय खिलाड़ी पलक जैन द्वारा खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गई।**




श्रीनाथ इंटरनेशनल स्कूल रिछा बच्चा के छात्र-छात्रा द्वारा गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदसौर के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर एनसीसी अधिकारी विजय सिंह पुरावत के नेतृत्व में एनसीसी केडेट के द्वारा दिया गया। सभी अतिथियों द्वारा उद्बोधन में खिलाड़ियों को खेल भावना एवं अनुशासन से खेलने एवं जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी गई। रोलबॉल प्रतियोगिता की राष्ट्रीय खिलाड़ी पलक जैन द्वारा खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी संभागों से लगभग 500 प्रतिभागी एवं कोच मैनेजर विभिन्न समितियो के संयोजक, सहसंयोजक एवं सदस्य उपस्थित थे। स्वागत भाषण जिला शिक्षा अधिकारी टेरेसा मिंज द्वारा एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी बीएल बारीवाल द्वारा प्रतिवेदन का वाचन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कीर्ति सक्सेना एवं संयोजक प्राचार्य धर्मपाल सिंह देवड़ा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

## जीतू पटवारी को तत्काल प्रभाव से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# जीतू पटवारी होंगे मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, उमंग सिंघार बने नेता प्रतिपक्ष





**उमंग सिंघार को सीएलपी लीडर और हेमंत कटारे को मध्य प्रदेश का उपनेता बनाया गया है। मप्र कांग्रेस में 30 वर्ष बाद पीढ़ी परिवर्तन...कमल नाथ-दिग्विजय युग समाप्त...जनाधार वापस पाने में जुटी कांग्रेस ने दोनों महत्वपूर्ण चेहरे मालवांचल से निकाले...।**

**विशेष संवाददाता मालवा फर्स्ट**

**भोपाल, १७ दिसम्बर २०२३, रविवार**

**भोपाल।** कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने आज मध्य प्रदेश में बड़ा बदलाव किया है। कमल नाथ को प्रदेश कांग्रेस अध?यक्ष के पद से हटा दिया गया है। उनके स?थान पर अब जीतू पटवारी नए अध?यक्ष होंगे। जीतू पटवारी को तत्काल प्रभाव से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उमंग सिंघार को सीएलपी लीडर और हेमंत कटारे को मध्य प्रदेश का उपनेता बनाया गया है।

विधानसभा चुनाव में मिली पराजय के 12 दिन बाद शनिवार को कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में बड़ा फेरबदल किया है। कमल नाथ और दिग्विजय युग की समाप्ति करते हुए 30 वर्ष बाद पार्टी ने पीढ़ी परिवर्तन को अंजाम दिया है। 77 वर्ष के कमल नाथ को हटाकर कांग्रेस ने 49 साल के जीतू पटवारी को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया है और आदिवासी कार्ड खेलते हुए उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष के पद पर बिठाया है। ये दोनों चेहरे मालवांचल से निकाले गए हैं। ग्वालियर-चंबल को साधने के लिए ब्राह्मण चेहरा हेमंत कटारे को उपनेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस में इस बदलाव को लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के हिसाब से भी देखा जा रहा है।

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में पराजय के बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि कांग्रेस पराजय की जिम्मेदारी तय करके कमल नाथ को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाएगी। इस बारे में कमल नाथ ने ट्वीट कर नवनियुक्त नेताओं को शुभकामनाएं तो दीं, लेकिन स्वयं को हटाए जाने पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है।

बता दें कि प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 66 सीटों पर सिमट कर रह गई है। चुनाव में इस तरह की पराजय के बाद दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की उपस्थिति में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की हार की समीक्षा हुई थी।

समीक्षा बैठक में कमल नाथ, रणदीप सिंह सुरजेवाला, दिग्विजय सिंह सहित सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। बैठक के बाद से ही लगातार कयास लगाए जा रहे थे कि मध्य प्रदेश कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन होगा। राहुल के करीबी माने जाते हैं जीतूजीतू पटवारी दो बार के विधायक रहे हैं। वे पहली बार 2013 में राऊ विधानसभा सीट से 14वीं विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। 2018 में दूसरी बार विधायक चुने गए। वे वर्तमान में कांग्रेस सचिव और गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हैं। इस विधानसभा चुनाव में राऊ सीट पर चुनाव लड़े जीतू पटवारी को भाजपा प्रत्याशी मधु वर्मा ने हराया है।

जीतू पटवारी राहुल गांधी के करीबी माने जाते हैं। कमल नाथ सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री रहे जीतू पटवारी 2018 के चुनाव में मीडिया विभाग के अध्यक्ष और इस विधानसभा चुनाव में कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाए गए थे। पटवारी को तेजतर्रार नेता माना जाता है। वे अन्य पिछड़ा वर्ग से आते हैं।

मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे हैं और उनका पूरा प्रदेश घूमा हुआ है। उधर, कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री और नेता प्रतिपक्ष रही स्व. जमुना देवी के भतीजे आदिवासी नेता उमंग सिंघार चार बार के विधायक है। 2018 से 2020 तक वे वन मंत्री रहे। धार जिले के गंधवानी विधान सभा क्षेत्र से सिंघार इस बार चौथी बार चुने गए हैं।


### क्या कहते हैं भाजपाई


कांग्रेस द्वारा विधायक उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष बनाने से साफ हो गया कि दिग्विजय सिंह के काले कारनामे का मुखरता से समय-समय पर पोल खोलने का इनाम उन्हें दिया गया है।

**- आशीष अग्रवाल, मीडिया प्रभारी, मप्र भाजपा।**

मध्य प्रदेश कांग्रेस के लिए कमल नाथ फादर फिगर रहे हैं। वे अब तक कांग्रेस के लिए अंब्रेला की तरह थे। उनके नेतृत्व में कांग्रेस सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (अभी तक का कांग्रेस का सर्वाधिक वोट शेयर) रहा है। अब कांग्रेस का स्वाभाविक बिखराव पुनः प्रारंभ होगा। जय राम जी की।

**- रजनीश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री, मप्र भाजपा।**
















## कार्यालय नगरपालिका परिषद्, नीमच जिला–नीमच (म.प्र.)

क्रमांक 598....../राजस्व नामांतरण/2023 — नीमच, दिनांक 18/12/2023

### नामांतरण विज्ञप्ति

इस विज्ञप्ति द्वारा समस्त व्यक्तियों/संस्थाओं एवं हित रखने वाले व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों द्वारा नगरपालिका सीमा में भूखण्ड/भवन आदि क्रय कर वंशानुगत आदि के पर नगरपालिका अधिनियम की धारा 150/151 के तहत अपना नाम नगरपालिका कर निर्धारण पंजी/किरायेदारी पंजी में नाम अंकित करवाना चाहा है। यदि किसी व्यक्ति को या संस्था में हित रखने वाले व्यक्ति को इस संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो विज्ञप्ति के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय प्रमाण पत्रों के दो प्रति में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर –सकता है। बाद अवधि में किसी की आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं आगामी कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | | | हस्तांतरण कर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण की जाने वाली सम्पत्ति का विवरण | हस्तांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 541 | / | 23 | श्री शंकरलाल पिता श्री प्रेमचन्द सिंधी | श्रीमती सरोज पति श्री संतोष रामनानी | वा.नं. 24, भू.क्र. नया, साधुवासवानी मार्ग, नीमच पर संलग्न नक्शे अनुसार | विक्रय पत्र |
| 2 | 542 | / | 23 | श्री शंकरलाल पिता श्री प्रेमचन्द सिंधी | श्री उमेश पिता श्री दिलीपकुमार रामनानी, श्रीमती सरोज पति श्री संतोष रामनानी | वा.नं. 24, भू.क्र. नया, साधुवासवानी मार्ग, नीमच पर संलग्न नक्शे अनुसार | विक्रय पत्र |
| 3 | 543 | / | 23 | श्री शंकरलाल पिता श्री प्रेमचन्द चंदानी | श्रीमती गीतादेवी पति श्री बंशीलाल कस्तुरी, श्री भानुप्रताप पिता श्री प्रतापराय आहुजा | वा.नं. 24, भू.क्र. नया, साधुवासवानी मार्ग, नीमच पर संलग्न नक्शे अनुसार | विक्रय पत्र |
| 4 | 544 | / | 23 | श्री शंकरलाल पिता श्री प्रेमचन्द सिंधी | श्री अमर पिता श्री रामचन्द्र मोटवानी | वा.नं. 24, भू.क्र. नया, साधुवासवानी मार्ग, नीमच पर संलग्न नक्शे अनुसार | विक्रय पत्र |
| 5 | 545 | / | 23 | श्री शंकरलाल पिता श्री प्रेमचन्द सिंधी | श्री उमेश पिता श्री दिलीपकुमार रामनानी | वा.नं. 24, भू.क्र. नया, साधुवासवानी मार्ग, नीमच पर संलग्न नक्शे अनुसार | विक्रय पत्र |
| 6 | 546<br>"–" | / | 23<br>"–" | श्री शंकरलाल पिता श्री प्रेमचन्द सिंधी<br>श्री श्रीचन्द्र पिता श्री शौकीराम वर्धानी | श्री श्रीचन्द्र पिता श्री शौकीराम वर्धानी<br>श्री अमर पिता श्री रामचन्द्र मोटवानी | वा.नं. 24, भू.क्र. नया, साधुवासवानी मार्ग, नीमच पर संलग्न नक्शे अनुसार | विक्रय पत्र |
| 7 | 547 | / | 23 | श्री शंकरलाल पिता श्री प्रेमचन्द सिंधी | श्री जानी पिता श्री हनगुनदास सिंधी, श्री हरगुनदास पिता श्री रामचन्द्र सिंधी | वा.नं. 24, भू.क्र. नया, साधुवासवानी मार्ग, नीमच पर संलग्न नक्शे अनुसार | विक्रय पत्र |
| 8 | 548 | / | 23 | श्री शंकरलाल पिता श्री प्रेमचन्द सिंधी | श्रीमती जया पति श्री यशवंत मोटवानी एवं श्री रोनक पिता यशवंत मोटवानी | वा.नं. 24, भू.क्र. नया, साधुवासवानी मार्ग, नीमच पर संलग्न नक्शे अनुसार | विक्रय पत्र |
| 9 | 549 | / | 23 | श्री शंकरलाल पिता श्री प्रेमचन्द सिंधी | श्री यशवंत पिता श्री पंजूमल मोटवानी | वा.नं. 24, भू.क्र. नया, साधुवासवानी मार्ग, नीमच पर संलग्न नक्शे अनुसार | विक्रय पत्र |
| 10 | 550<br>"–" | / | 23<br>"–" | श्री शंकरलाल पिता श्री प्रेमचन्द सिंधी<br>श्रीमती भारती पति श्री मनोज सिंधी, श्री ओमप्रकाश पिता स्व. श्री नंदकिशोर सिंधी, श्रीमती शंकुतला पति स्व. श्री नंदकिशोर सिंधी | श्रीमती भारती पति श्री मनोज सिंधी, श्री ओमप्रकाश पिता स्व. श्री नंदकिशोर सिंधी, श्रीमती शंकुतला पति स्व. श्री नंदकिशोर सिंधी<br>श्री श्रीचन्द पिता श्री शौकीराम वर्धानी | वा.नं. 24, भू.क्र. नया, साधुवासवानी मार्ग, नीमच पर संलग्न नक्शे अनुसार | विक्रय पत्र |
| 11 | 551<br>"–" | / | 23<br>"–" | श्री शंकरलाल पिता श्री प्रेमचन्द सिंधी<br>श्री मुकेशकुमार पिता श्री मेघराज जेठानी, श्रीमती माला पति श्री मुकेशकुमार जेठानी | श्री मुकेशकुमार पिता श्री मेघराज जेठानी, श्रीमती माला पति श्री मुकेशकुमार जेठानी<br>श्री दीपक पिता श्री घनश्यामदास मोटवानी, श्रीमती हर्षा पति श्री दीपक मोटवानी | वा.नं. 24, भू.क्र. नया, साधुवासवानी मार्ग, नीमच पर संलग्न नक्शे अनुसार | विक्रय पत्र |
| 12 | 552<br>"–" | / | 23<br>"–" | श्री शंकरलाल पिता श्री प्रेमचन्द सिंधी<br>श्री गोरधनलाल पिता श्री साधुराम सिंधी | श्री गोरधनलाल पिता श्री साधुराम सिंधी<br>श्रीमती रेखादेवी पति स्व. श्री गोरधनलाल लुलानी, श्री राजेश, श्री नरेश, श्री योगेश पिता स्व. श्री गोरधनलाल लुलानी | वा.नं. 24, भू.क्र. नया, साधुवासवानी मार्ग, नीमच पर संलग्न नक्शे अनुसार | विक्रय पत्र |

श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद्, नीमच

श्रीमती रंजना करणसिंह परमाल
उपाध्यक्ष
नगरपालिका परिषद्, नीमच

श्रीमती वंदना खण्डेलवाल
सभापति–राजस्व, वित्त एवं लेखा विभाग
नगरपालिका परिषद्, नीमच

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद्, नीमच

# जिला स्तरीय खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिता में दिव्यांगों ने भी दिखाई खेल प्रतिभा, 85 दिव्यांगों ने सहभागिता निभाई, 35 प्रतिभाएं विजेता रही

**मालवा फर्स्ट**
नीमच, 17 दिसम्बर 2023, रविवार

नीमच। दिव्यांग प्रतिभाओं को सहायता की नहीं आत्म संबल की आवश्यकता महत्वपूर्ण होती है, हायर सेकंडरी विद्यालय क्रमांक 2 खेल मैदान पर सी डब्ल्यू एस एन छात्रावास परिसर में जिला प्रशासन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन शासक सशक्तिकरण जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अंतर्गत जनपद शिक्षा केंद्र नीमच जिला इकाई नीमच के तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय दिव्यांग विद्यार्थियों की विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसंबर के पावन उपलक्ष्य में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं गुरुवार सुबह 11 बजे सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास के हायर सेकंडरी विद्यालय क्रमांक 2 में खेल मैदान में 50 मीटर दौड़ , चेयर रेस , मेहंदी , चित्रकला , रंगोली एवं विभिन्न सांस्कृतिक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई ।

कार्यक्रम में रामपुरा नवजीवन निशक्तजन कल्याण संघ जिला नीमच द्वारा बुद्धि बाधित दृष्टिबाधित समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित सी डब्ल्यू एस एन छात्रावास खेल मैदान में रेड क्रॉस के मुकबधिर बच्चों ने भी प्रतियोगिताओं में एक से बढ़कर एक खेल प्रतिभा के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में नीमच नगर पालिका अध्यक्ष स्वाती गौरव चोपड़ा, ऐपीसी नरेंद्र जोशी, दिव्यांग सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष सुनील बटवाल, दिव्यांग ज्योति सेवा संस्थान के अध्यक्ष राम प्रकाश बल्दवा जांगिड़, अतिथि के रूप में आसीन थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया।

### नगर पालिका अध्यक्ष स्वाती गौरव चोपड़ा ने कहा

इस अवसर पर कार्यक्रम उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष स्वाती गौरव चोपड़ा ने कहा कि दिव्यांग बच्चों से परमात्मा एक शक्ति छिनता है तो दुगनी शक्ति प्रदान करता है।बच्चों में अधिक प्रतिभा होती है। इनको सही मार्गदर्शन और सही सहयोग मिले तो यह प्रतिभाएं अविस्मरणीय प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकती हैं।यह आयोजन इनकी प्रतिभाओं का निखारने के लिए सशक्त माध्यम साबित होगा। दिव्यांगों को सहायता की नहीं ,आत्म संबल के मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। ऐपीसी नरेंद्र जोशी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से प्रोत्साहन समय-समय पर दिया जा रहा है। इसअवसर पर बच्चों ने अमु काका बाबा ना पोरिया रे कोडालिया कला दूं कुक्षी है जावानाज़ मैं बची राम जी की कृपा से राधा कैसे न जले गोपिया जो मधुबन में राधा, काली कमली वाला मेरा यार है तू मोहन कितना दिलदार ह




### ये तो सच है कि भगवान है

ये तो सच है कि भगवान है धरती पर रूप मां बाप का विधाता की पहचान हैज् आदमी खिलौना हैज् सहित विभिन्न गीतों पर दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियां दी। राजेश उपाध्याय ने तुमसे मिलना बातें करना अच्छा लगता हैज. दृष्टि बाधित कन्हैयालाल नायक ने आदमी खिलौना है, देवेश भारद्वाज ने दुनिया से दिल लगाकर दुनिया से क्या मिलेगाज् गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सेंट पॉल विद्यालय के की छात्राओं प्रियांशी जयंत, साहिबा खान, जय डेविड ने देश मेरा रंगीला गीत पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर देशभक्ति का संदेश दिया ।

तबले पर उत्सव जोशी ढोलक पर कन्हैया नायक हारमोनियम पर विजय ने संगत प्रदान की। पार्वती माणक मोदी ने दिव्यांग हुए तो क्या हुआ हम किसी से काम नहीं गीत की रचना प्रस्तुत की।खेल मैदान पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिता में 85प्रतिभागियों ने सहभागिता निभाई जिसमें से 35 दिव्यांग विद्यार्थी प्रथम विजेता व उप विजेता व प्रतियोगिता में शामिल अनेक बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## खबर अंचल

# विकसित भारत संकल्प यात्रा जिला पंचायत नीमच में कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण



नीमच। विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार, मनासा विधायक अनिरूद्ध मारू, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जनसिंह चौहान, नगरपालिका अध्यक्ष स्वा्ति चौपडा व अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद सहित स्वसहायता समूहों की कार्यक्रर्ता, पत्रकारगण, पार्षदगण एवं जिला अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप जनहित और जनकल्याण के लिए आरंभ की गई विकसित भारत संकल्पम यात्रा के तीन रथ को अतिथियों ने हरि झण्डी दिखाकर जिला पंचायत परिसर नीमच से रवाना किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तदपश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जनसिंह चौहान ने सभी अतिथियों को पगड़ी पहनाकर स्वाभगत किया।

# मध्य प्रदेश में छाए रहेंगे बादल, बढ़ सकता है दिन का तापमान

भोपाल। राजस्थान पर एक चक्रवात बन गया है, साथ ही हवाओं का रुख दक्षिण-पूर्वी हो गया है। हवाओं के साथ नमी आने के कारण निचले एवं मध्यम स्तर पर बादल छाने लगे हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, बादल छाने की वजह से दिन के तापमान में गिरावट होगी, लेकिन रात के तापमान में कुछ वृद्धि होने लगेगी। वहीं, शुक्रवार-शनिवार को प्रदेश में सबसे कम 7.2 डिग्री सेल्सियस तापमान उमरिया में दर्ज किया गया।

हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा 7.4 डिग्री सेल्सियस पर रहा। 12 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। इनमें पूर्वी मध्य प्रदेश के नौ शहर शामिल हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अशफाक हुसैन के मुताबिक, वर्तमान में पाकिस्तान के आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। इसके प्रभाव से उत्तर-पश्चिमी राजस्थान पर एक चक्रवात बन गया है। इससे हवाओं का रुख बार-बार बदलने लगा है। इस कारण बादल छाने लगे हैं। मौसम का इस तरह का मिजाज सोमवार तक बना रह सकता है।

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि चक्रवात के असर से हवाओं का रुख कभी दक्षिण-पूर्वी तो कभी उत्तर-पश्चिमी हो रहा है। हवाओं के साथ नमी भी आने लगी है।

इस वजह से प्रदेश के अधिकतर शहरों में निचले एवं मध्यम स्तर के बादल छाने लगे हैं। बादलों के कारण अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। उधर, न्यूनतम तापमान में कुछ बढ़ोतरी होने की भी संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत से आगे बढ़ने के बाद हवा का रुख फिर उत्तरी होने से एक बार फिर रात के तापमान में गिरावट होने लगेगी।

# राज्य सेवा परीक्षा नीमच में चार परीक्षा केंद्रों पर 17 दिसम्बर को होगी

नीमच। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा, 17 दिसम्बर 2023 को दो सत्रों में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक जिला मुख्यालय नीमच पर आयोजित की जा रही है। नीमच जिले में कुल परीक्षार्थी 1304 है।

परीक्षा केन्द्र श्री सीताराम जाजू कन्या महाविद्यालय नीमच पर 350, स्वामी विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच पर 204, शा.बालक उ.मा.वि.क्रमाक 02 पर 500 एवं एम.एल.बी.शा.कन्या उ.मा.वि.नीमच नगर पर 250 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा हेतु उड़न दस्ते का गठन किया जाकर 4 दल बनाऐ गये है। संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रीति संघवी ने बताया, कि आयोग द्वारा अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गये है। परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए प्रवेश पत्र अनिवार्य रूप से साथ में लाएँ। परीक्षा कक्ष में निर्धारित अनुक्रमांक (रोल नंबर) की सीट पर ही बैठें।

प्रवेश पत्र पर अंकित अनुक्रमाक को ही ओ.एमआर शीट के निर्धारित स्थान पर लिखे तथा संबंधित गोले को काले डॉट पेन से पूरा भरे। ओएमआर शीट में प्रश्न-पत्र के सेट के गोले को काले डॉट पेन से ध्यान से भरें, सेट का गोला न भरने पर या सही गोला न भरने पर मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। समस्त कार्य काले डॉट पेन से ही करें। ओ.एम.आर शीट में सही उत्तर के गोले को भी काले डॉट पेन से ही पूरा भरे। ओएमआर शीट पर निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर अनिवार्यतः करें। ओ.एम.आर. शीट पर व्हाइटनर का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। अभ्यर्थी अपनी ओएम.आर शीट कक्ष के वीक्षक के हाथ में ही सौंपें एवं उनकी अनुमति पश्चात ही कक्ष छोड़े। परीक्षा में अनुशासनहीनता तथा अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर आपकेविरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए आपको परीक्षा कक्ष से निष्कासित किया जाएगा। ऐसी स्थिति में आयोग द्वारा जारी विज्ञापन में वर्णितअनुशासनात्मक निर्देशों के तहत आपके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

जिन अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन-पत्र के अनुसार , ऑनलाइन प्रवेश-पत्र में उनके फोटो तथा हस्ताक्षर स्पष्टनहीं है या अनुपलब्ध है अथवा त्रुटिपूर्ण हैं, ऐसे आवेदक निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करें-अपने ऑनलाइन प्रवेश पत्र पर विहित स्थान पर अपना फोटो चिपकाकर उसके नीचे अपने हस्ताक्षर करे तथा फोटो आबंटित परीक्षा केन्द्राध्यक्ष से प्रमाणित कराएँ।

अपने फोटो की एक प्रति साथ ले जाएँ, उक्त फोटो के पीछे अपना नाम, आवेदन-पत्र क्रमांक एवं रोल नंबर अंकित करें। अपने साथ अपने आवेदन पत्र की रसीद की प्रति (जो आवेदन-पत्र जमा करते समय प्राप्त हुई थी) साथ ले जाएँ तथा मांगे जाने पर वीक्षक को प्रस्तुत करें।

# रामलला को पूजित अक्षत कलश का विश्व हिंदू परिषद प्रखंडो में आज वितरण होगा

**मालवा फर्स्ट**
नीमच, 17 दिसम्बर 2023, रविवार

नीमच। श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा निमित्त श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से नीमच भेजे गए पूजित अक्षत कलश का प्रखंडों में वितरण आयोजन आज विश्व हिंदू परिषद जिला इकाई द्वारा रखा गया है। जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री कैलाश मालवीय ने बताया कि अयोध्या में श्री राम लाल को पूजित अक्षत कलश बीते 3 दिसंबर को नीमच लाए गए थे, जो कि विश्व हिंदू परिषद सेवा प्रकल्प स्थल श्री गोदाम बालाजी मंदिर में रखे हुए थेए अब उक्त पूजित अक्षत का नीमच जिले के प्रखंड स्तर के पदाधिकारी को वितरण होगाए पश्चात प्रखंडों से खण्डों में वितरण होगा और फिर पूजित अक्षत कलश और अयोध्या श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से भेजी गए संदेश का घर.घर वितरण होगाए विश्व हिंदू परिषद की नीमच जिला इकाई द्वारा कलश नीमच जिले के 7 प्रखंड नीमच, मनासा, जावद, रतनगढ़, रामपुरा, कनावटी व जीरन के प्रखंड पदाधिकारी को सौंपें जाएंगे। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता नीमच जिले के सभी नगरों सहित 1 हजार से अधिक गांवो के सभी हिंदू परिवार जनों के घर पहुंचेंगे और पूजित पीले अक्षत को भेंट कर अयोध्या श्री राम के दर्शन के लिए आमंत्रित करेंगे। नीमच प्रखंडों को अक्षत कलश वितरण का आयोजन आज रविवार 17 दिसंबर को सुबह 11.00 बजे रखा गया है। आयोजन की पश्चात जिला बैठक का आयोजन रखा गया है जिसमें प्रांत व विभाग के पदाधिकारीयो का मार्गदर्शन मिलेगा।

# तनाव मुक्त खुशहाली के लिए व्यायाम, भोजन और मेडिटेशन का नियमित अभ्यास करें - डॉ. स्वामीनाथन

## आर टी सी में उच्चाधिकारियों व जवानों के लिए 'तनाव मुक्त.. खुशहाल जीवन' कार्यक्रम सम्मपन्न हुआ

नीमच। सीआरपीएफ के आरटीसी केम्प का विशाल सभागार सैंकड़ों जवानों व उच्चाधिकारियों की खुशहाली सम्पन्न हंसी व आनन्द की तरंगों से सरोबार हो उठा जब विश्व विख्यात प्रेरक वक्ता व तनाव मुक्ति विशेषज्ञ प्रोफेसर (डॉ.) स्वामीनाथन ने वाह जिन्दगी वाह.. वाह मेरा परिवार वाह.. वाह सीआरपीएफ वाह मेरा भारत देश वाह.. के गुंजायमान नारों का प्रस्तुतिकरण करवाया।

लगातार दो घण्टे चले इस खुशहाली के कार्यक्रम में डॉ. स्वामीनाथन ने अपनी जीवन शैली को व्यवस्थित करने के लिए तीन मुख्य सूत्र व्यायाम, भोजन और मेडिटेशन की विस्तृत व्याख्या की एवं कहा कि संतुलित एवं पौष्टिक भोजन तथा नियमित व्यायाम के साथ-साथ मेडिटेशन को अनिवार्य रूप से जीवन में ढालना होगा। क्योंकि भोजन और व्यायाम तो लगभग प्रत्येक व्यक्ति करता है किन्तु मेडिटेशन का नियमित अभ्यास नहीं करने से ही तनाव, अनिद्रा, डिप्रेशन आदि अनेकानेक रोग बढ़ते जा रहे हैं.. आपने आगे कहा कि छोटा बच्चा भी दिन में पचासों बार मुस्कुराता है किन्तु आज का युवा व बुजुर्ग दोनों ही मुस्कुराना भूल चुके हैं। इसका एकमात्र कारण अपने अंतर्मन में तनाव की गहरी पैठ हो जाना है..जिसे बाहर निकालना आवश्यक है। मेडिटेशन का अर्थ सिर्फ इतना ही नहीं है कि हम किसी एक चीज पर ध्यान केन्द्रित करें अपितु राजयोग मेडिटेशन एक जीवन शैली है। जिसे अपना कर तनाव मुक्त खुशहाल जिन्दगी जी सकते हैं। आपने विशेष जोर देकर कहा कि वर्तमान या आने वाली परिस्थितिया दिनों दिन विकराल होती जा रही हैं, किन्तु हम अपने को उनमें समायोजित नहीं कर पा रहे हैं.. आध्यात्म और मेडिटेशन हर परिस्थिति में समायोजन सिखाता है, अतः और कुछ न कर सकें तो केवल 10 मिनिट प्रातः काल उठते समय और 10 मिनिट रात को सोते समय राजयोग मेडिटेशन का अवश्य अभ्यास करें।



कार्यक्रम के प्रारंभ में आरटीसी के प्रिंसीपल डीआईजी अनमोल सूद ने सुन्दर गुलदस्ते भेंट कर डॉ. स्वामीनाथन, बीके सविता दीदी, बीके श्रुति दीदी एवं बीकेसुरेन्द्र भाई का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट कमाण्डेंट जितेन्द्र यादव ने किया तथा आभार प्रदर्शन डिप्टी कमाण्डेंट वनमाला ने किया।

### आंवले का मुरब्बा



**सामग्री-**

आंवला- 250 ग्राम, गुड़- 300 ग्राम (क्रम्बल किया हुआ),नींबू- 1, काली मिर्च- 1/4 छोटा चम्मच, काला नमक- 1/2 छोटा चम्मच

**विधि-**

सबसे पहले आंवले को धोकर स्टीम कर लें। आंवले को जल्दी से ठंडा करने के लिए एक प्लेट में रख लें। फिर कांटे से उसमें छेद करके एयर टाइट कांटेनर में भरकर रख लें। गुड़ को आंवले के ऊपर रखकर, ढक्कन बंद करके, धूप में गुड़ के पिघलने और चाशनी बनने तक रख दें। 2 दिन बाद गुड़ पिघल जाएगा। इसे गाढ़ा करने के लिए आंवले को कढ़ाई में डालकर पकने दें। गुड़ की चाशनी को 5 मिनट गाढ़ा होने तक पका लें। मुरब्बे के ठंडे होने पर, इसमें 1 नींबू का रस डालकर अच्छी तरह से मिला लें। मुरब्बा बनकर तैयार है।

# आंखों का बार- बार फड़कना गंभीर बीमारी का संकेत

कई बार अचानक हमारी आंख फड़कने लगती है, जिसको लेकर लोगों के बीच धार्मिक मान्यताओं फैली हुई हैं कि ये कोई शुभ या अशुभ चीजों के संकेत हो सकते हैं। लेकिन आपको आपको बता दें कि ये आपकी बिगड़ते हेल्थ के भी संकेत हो सकते हैं। चलिए आपको बताते हैं कि आंखों के नीचे या ऊपर की पलकों के पकड़ने की असल वजहें क्या हो सकती हैं। आइए आपको बताते हैं इसके बारे में...आंख फड़फड़ाने के ये हो सकते हैं कारण।




अगर नीचे और ऊपर की दोनों पलकें एक हफ्ते से ज्यादा लगातार फड़कती रहें, तो इसे गंभीर बीमारी की चेतावनी माना जाता है। जी हां, ये मायोकेमिया के कारण हो सकता है। ये मांसपेशियों के सिकुड़न के कारण होता है। इससे आंख की नीचे वाली पलक पर ज्यादा असर पड़ता है। ये बहुत थोड़े समय के लिए होता है और लाइफस्टाइल में बदलाव से इसे कंट्रोल किया जा सकता है।

### ब्लेफेरोस्पाज्म और हेमीफेशियल स्पाज्म

ये दोनों वैसे बेहद गंभीर मेडिकल कंडीशन हैं। ब्लेफेरोस्पाज्म ज्यादा गंभीर है, जिसमें इंसान की आंख पर कुछ सेकंड, मिनट या कुछ घंटों तक फर्क पड़ सकता है। इसमें ऐंठन इतनी ज्यादा तेज होती है कि इंसान की आंख तक बंद हो सकती है। इसमें लोग चाहकर भी आंख फड़कने की एक्टिविटी को कंट्रोल नहीं कर सकते हैं।

**स्ट्रेस**-कई बार किसी बारे में ज्यादा सोचने से चिंता होने लगती है। इसका प्रभाव आंखों पर भी पड़ता है, जिस कारण आंख फड़कने लगती है।

**नींद की कमी**- बिजी लाइफस्टाइल और दिनभर के स्ट्रेस के चलते रात में ठीक से नींद नहीं आती है। ऐसे में कुछ मिनटों के लिए आंखों का फड़कना शुरु हो जाता है।

**आई स्ट्रेस**-आंख का फड़कना आपके आई स्ट्रेन की ओर भी ईशारा करता है। ऐसा लगातार होने पर आपको डॉक्टर से संपर्क करें।

**कैफीने के ज्यादा सेवन से**- कहते हैं की चाय- कॉफी के सेवन से सिर दर्द दूर होता है, पर ये सच नहीं है। इसके ज्यादा सेवन से आंख फड़क सकती हैं। चाय, कॉफी, सॉफ्ट ड्रिंक्स या चॉकलेट खाने की वजह से आंख फड़क सकती हैं। ऐसे में कैफीन वाली चीजों से दूर रहें।

**अल्कोहल**- कई बार ज्यादा मात्रा में शराब का सेवन करने से भी आंखें फड़कने लगती हैं। इसलिए इसका सीमित मात्रा में सेवन करें।

बस इन सारी चीजों पर थोड़ा कंट्रोल रखें जो आंख फड़कने की समस्या से आपको निजात मिल जाएगी।

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

# टोयोटा शोरूम पर हुई कार चोरी का पर्दाफाश, चोरी की गई 2 कार सहित घटना में प्रयुक्त कार मारुति अर्टिगा जप्त, 03 आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस ने एक कार टोयोटा हाईराईडर किमती 19 लाख रूपयें, एक कार टोयोटा ग्लैंजा किमती 6 लाख रूपयें एवं एक कार मारूती अर्टिगा किमती 6 लाख रूपये ( घटना में प्रयुक्त )जप्त की है।**

**मालवा फर्स्ट**
नीमच, 17 दिसम्बर 2023, रविवार

नीमच। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक पी.एस.परस्तें के मार्गदर्शन तथा निरीक्षक योगेन्द्र सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दि.10/11.12.23 की मध्यरात्रि को महु नीमच रोड़ स्थित भगवति टोयोटा शोरूम पर चोरी की 01 कार टोयोटा हाई राइडर एवं एक कार टोयोटा ग्लैंजा ले जाने संबंधी वारदात का खुलासा कर 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई 02 कारों के साथ घटना में प्रयुक्त कार मारुति अर्टिगा को जप्त जप्त करने में सफलता प्राप्त की गई है। पुलिस ने बताया कि 11.12.2023 को फरियादी योगेश पिता रतनलाल यादव ने सूचना दी कि वह भगवती टोयोटा शोरूम महू रोड नीमच पर मैनेजर के पद पर पदस्थ है। दि. 10.12.2023 को शाम को रोजाना की तरह अपना शोरूम बंद कर चले गये थे। दि. 11.12.2023 को सुबह करीब 10 बजे वह तथा उनके साथी कर्मचारी शोरूम पर पहुंचे तो देखा शोरूम के पीछे का गेट का ताला व गेट टूटा हुआ है, तो शोरूम के आगे शटर को खोलकर देखते शोरूम में से 02 नई कार एक टोयटा हाई राइडर सफेद रंग की तथा 01 टोयटा ग्लेंजा नीले रंग की नही थी जो कोई अज्ञात बदमाश शोरूम से चुरा कर ले गया।

रिपोर्ट से थाना नीमच सिटी पर अपराध क्रमांक 663/2023 धारा 457, 380 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया।


नीमच पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई 02 कारों के साथ

थाना प्रभारी नीमच सिटी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह सिसोदिया द्वारा मय टीम के घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पाया गया कि अज्ञात आरोपीयों के द्वारा घटना दिनांक को घटना से पहले शोरूम की विद्युत कनेक्शन काट दिया था, जिससे कि शौरूम पर लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों में घटना कि रिकार्डिंग न हो तथा आरोपियों के द्वारा शोरूम का मुख्य दरवाजा नहीं तोड़ा गया क्यों कि उक्त दरवाजा मुख्य मार्ग कि और होकर लोगो का आवागमन रहता है इसलिये आरोपियों के द्वारा शोरूम के पीछे का दरवाजा तोड़कर शोरूम के अंदर प्रवेश कर शोरूम के अंदर की अलमारी में रखी वाहनों की चाबी प्राप्त कर उक्त वाहन चोरी कर लेकर चले गये।

घटना की गंभीरता को देखते हुवे एसपी अमित तोलानी द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया एवं नपुअ नीमच पी.एस.परस्ते के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी नीमच सिटी निरीक्षक योगेंन्द्र सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में प्रकरण का जल्द प्रकरण का खुलासा करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे प्राइवेट सीसीटीव्ही कैमरों को खंगालना तथा तकनीकी माध्यम से आरोपियों के संबंध में जानकारी एकत्रित करना प्रारंभ किया।

### ऐसे हुआ वारदात का पर्दाफाश

गोपनीय रूप से जानकारी प्राप्त करते जानकारी प्राप्त हुई कि अर्जुन सिंह नाम का शातिर वाहन चोर जो कई वाहन चोरी के अपराधो में बंद हुआ है व उज्जैन में लोकेन्द्र उर्फ बंटी के साथ देखा गया है। लोकेन्द्र उर्फ बंटी के निवास स्थान के आस पास सतत निगाह रखी गई तो दि 14.12.2023 को लोकेन्द्र उर्फ बंटी उक्त वाहन लेकर अपने घर तरफ आया तो उसे गिरफ्तार कर घटना में चोरी गया उक्त वाहन उसके कब्जे से जप्त किया गया तथा आरोपी के द्वारा सदर अपराध की घटना अपने साथी अर्जुनसिंह, शेखर, रोहित उर्फ संजू, मुकेश वर्मा तथा बंटी मालवीय के साथ घटित करना स्वीकार किया गया। आरोपी की निशादेही से आरोपी अर्जुन सिंह पिता सरदार सिंह यादव के कब्जे से चोरी का एक और वाहन ग्लैंजा ब्ल्यू रंग कि तथा आरोपी बंटी पिता मायाराम मालवीय के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मारुति अर्टिगा जप्त कि गई।

पुलिस ने लोकेन्द्र उर्फ बंटी पिता रामसिंह पुष्कर जाति जाटव उम्र 32 साल नि. 63 इंदिरा नगर नागझिरी देवास रोड उज्जैन, अर्जुनसिंह पिता सरदार सिंह यादव उम्र 23 साल नि. ग्राम सुरगी थाना बनापुरा जिला होशंगाबाद हा.मु. 63 इंदिरा नगर नागझिरी देवास रोड उज्जैन, बंटी पिता मायाराम मालवीय उम्र 21 साल निवासी ग्राम बालोदा थाना महिदपुर हा.मु. गणेश नगर नाका नंबर 05 को गिरफ्तार किया है वही घटना में अन्य तीन फरार आरोपी मुकेश वर्मा, रोहित एवं शेखर के संबंध में आरोपियों से पूछताछ कि जाकर पतारसी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी अर्जुन सिंह एवं फरार आरोपी रोहित के विरूद्ध म.प्र. के विभिन्न थानों में शोरूम से वाहन चुराने संबंधी 7-8 अपराध पंजीबद्ध है। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा उज्जैन से 01 होंडा एक्टिवा, इन्दौर से अपाचे ऋा5 एवं भोपाल से पल्सर एवं अपाचे एमटी बाईक चुराना स्वीकार किया गया है। पुलिस ने एक कार टोयोटा हाईराईडर किमती 19 लाख रूपयें, एक कार टोयोटा ग्लैंजा किमती 6 लाख रूपयें एवं एक कार मारूती अर्टिगा किमती 6 लाख रूपये (घटना में प्रयुक्त)जप्त की है।

### कार्यवाही में शामिल पुलिस टिम

उक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक योगेन्द्र सिंह सिसौदिया थाना प्रभारी नीमच सिटी, उपनिरीक्षक गजेन्द्र सिंह चौहान, प्रआर नीरज प्रधान, प्रआर अजीत सिंह पंवार, आर. लक्की शुक्ला, सायबर सेल से प्रआर प्रदीप शिन्दे, प्रआर आदित्य गौड़, आरक्षक कुलदीप सिंह, आरक्षक लखन प्रताप सिंह एवं आरक्षक चालक महेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही। सिटी पुलिस केस करवाई पर टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत करने की घोषणा भी की गई है।

# नहीं ढगमगाएगा कभी बेटी का आत्मविश्वास

हमारे समाज में आज भी कई जगहों पर बेटियों को बेटों से ज्यादा त्वज्जों नहीं दी जाती जिसके चलते कहीं ना कहीं उनका विश्वास ढगमगाया रहता है जो आगे चलकर उसे कमजोर ही बनाता है। वहीं बचपन में ही उसके साथ कुछ इस तरह के वाक्ये भी हो सकते हैं जो उसमें आत्मविश्वास की कमी करते हैं। अगर घर वाले शुरू से कुछ बातों का ध्यान रखें तो बेटी का आत्म-विश्वास कभी ढगमगाएगा नहीं। अगर आप भी एक बेटी की मां है तो उसे आज से ही सही गलत के बारे में बताना शुरू कर दें।

**घर का माहौल रखें सही -**

घर का माहौल सही रखें। यह बेटा हो या बेटी, दोनों के अच्छे और बेहतर भविष्य के लिए जरूरी है। घर में बेटी और बेटे को सामान अधिकार दें। उसे बचपन से ही इस बात का अहसास ना होने दे कि उन्हें अपने भाई से कम माना जाता है या घर में उनसे ज्यादा भाई की अहमियत है।

**खुद लेने दें फैसले -**

बचपन में जो परवरिश होती है वह बच्चों के दिमाग में बस जाती है। यदि आप बचपन से ही अपने बेटी के फैसलों पर आपत्ति जताएंगी तो उसका आत्मविश्वास कम होने लगेगा और वक्त के साथ वह बड़े निर्णय लेने से भी डरेगी। ऐसे में आपका बचपन से ही अपनी बेटी का हौंसला बढ़ाएं और यदि वह कोई निर्णय लेती है तो उसका साथ दें। यदि आपको लगता है कि बेटी ने जो निर्णय लिया है वो सही नहीं है तो आप उसे प्यार से समझाएं। ऐसे करने से भी बेटी का आत्मविश्वास बढ़ेगा।




**बेटी की करें तारीफ -**

तारीफ करने से बच्चों का कॉन्फिडेंस बूस्ट होता है। खासकर बेटियां, मां के क्लॉज होती हैं। मां जो भी काम करती है, बेटी उसे कॉपी जरूर करती हैं जैसे घर के छोटे-छोटे काम। अगर आपकी बेटी भी आपके साथ हाथ बंटाती हैं या पढ़ाई से जुड़ा अच्छा काम करती हैं तो उसकी तारीफ करना ना भूलें। आपकी तारीफ उसे आगे और अच्छा काम करने में प्रोत्साहित करेगी।

**सही और गलत बताएं -**

बच्चा अगर गलती करें तो उसे डांटने व चिल्लाने की बजाए प्यार से समझाने की कोशिश करें। वहीं बेटी को बचपन से ही गुड टच और बेड टच के बारे में बताएं क्योंकि कई बार ये बाते बेटी और बेटे दोनों को अंदर से इतना डरा देती हैं कि वह जीवनभर अपना कॉन्फिडेंस बढ़ा नहीं पाते। लड़कियों के साथ ऐसे बहुत सारे केसेज सामने आते हैं। ऐसे मामलों में बेटियां डर जाती हैं और मां-पिता से भी अपने साथ होने वाले व्यवहार को छिपा लेती हैं। इसलिए उसे पहले से ही इस बारे में समझाएं। सही गलत का फर्क बताएं।

# दलौदा पुलिस की लापरवाही, कोर्ट पेशी के दौरान एनडीपीएस एक्ट का आरोपी फरार, हुआ गिरफ्तार

मंदसौर । दलोदा पुलिस ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र से अवैध मादक पदार्थ के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से पुलिस ने बेग में भरा 40 किलो डोडाचूरा जप्त किया। मामले में एन डी पी एस एक्ट की धरा में प्रकरण दर्ज कर शनिवार को पुलिस आरोपियों को कोर्ट पेश करने पहुंची। दलोदा पुलिस की लापरवाही का मामला तब सामने आया जब एनडीपीएस एक्ट का आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। खास बात यह है कि स्वयं दलौदा टीआई मौके पर मौजूद थे और घटना घटित हो गई, जो कि बड़ी लापरवाही मानी जा सकती है। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस सकते में आ गई या यूं कहे कि पुलिस की सांसे अटक गई हो, यह तो गनीमत रही कि फरार हुआ आरोपी कुछ समय के बाद ही तलाशी के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

खैर आरोपी मिल गया हो लेकिन पुलिस की इस लापरवाही को लेकर पुलिस कप्तान क्या कार्रवाई करते हैं, लापरवाह को अभय दान मिलता है यह देखना होगा। एसडीओपी कीर्ति बघेल से मिली जानकारी के अनुसार दलोदा पुलिस ने दलोदा रेलवे स्टेशन से तीन आरोपी रोशन सिंह पिता दर्शन सिंह उम्र 20 साल निवासी सूरेवाला थाना टिब्बी जिला हनुमानगढ़ राजस्थान, निशान सिंह पिता गुरदीप सिंह उम्र 23 साल एवं कुलविंदर सिंह पिता जोगिंदर सिंह उम्र 19 साल निवासी सूरेवाला को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों के कब्जे से मिले बैग से तलाशी के दौरान पुलिस को अवैध डोडा चूरा भरा हुआ मिला। जिसका तोल कराया तो 40 किलो हो ना पाया गया।

पुलिस ने आरोपीयो को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार पुलिस एक 302 के आरोपी सहित एनडीपीएस के तीनों मुलजिमों को लेकर कोर्ट पहुंची। दलोदा थाना प्रभारी एसआई संजीव सिंह परिहार सहित करीब आधा दर्जन के आसपास पुलिस कर्मियों की फौज होने के बावजूद शाम करीब 5.00 बजे के आसपास एनडीपीएस एक्ट का आरोपी रोशन सिंह पिता दर्शन सिंह कोर्ट में पेशी के दौरान मौका पाकर फरार हो गया। बताया जाता है की आरोपी की हथकड़ी ढीली थी वहीं उसने उल्टी आने का बहाना बनाया और भाग निकला।

घटना की जानकारी लगते ही आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस क्षेत्र में तलाशी अभियान में जुट गई। टीआई ने घटना को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों का अवगत कराया। गनीमत रही कि फरार आरोपी रोशन पशुपतिनाथ मंदिर के आस पास मेले के समीप से पुनः पुलिस के चढ़ गया। आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी लगने के बाद पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली।




# संसद में खुद को आग लगाना चाहते थे आरोपी, पुलिस पूछताछ में किया चौंकाने वाला खुलासा




**नई दिल्ली।** मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के भी बयान दर्ज करने पर विचार कर रही है। संसद में घुसपैठ करने वाले आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने संसद में खुद को आग लगाने की भी योजना बनाई थी। साथ ही संसद में पर्चे फेंकने पर भी विचार किया था। हालांकि काफी विचार के बाद उन्होंने इन दोनों विकल्पों को छोड़ दिया और आखिरकार संसद में घुसकर स्मोक कैनिस्टर से रंगीन धुंआ छोड़ने पर सहमत हुए।

**पुलिस पूछताछ में बताया क्या थी योजना**

दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया है कि विजिटर्स गैलरी से लोकसभा चैंबर में कूदने की योजना तय करने से पहले उन्होंने कई अन्य विकल्पों पर भी विचार किया था। पुलिस ने बताया कि पहले आरोपियों ने अपने शरीर पर फायरप्रूफ जैल लगाकर संसद भवन में खुद को आग लगाने की योजना पर भी विचार किया था लेकिन बाद में ये विचार छोड़ दिया। इसके अलावा आरोपियों ने संसद भवन में पर्चे फेंकने की भी योजना बनाई थी लेकिन आखिरकार उन्होंने लोकसभा में स्मोक कैनिस्टर से रंगीन धुंआ छोड़ना तय किया और बीते बुधवार को वैसा ही किया।

**भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के बयान दर्ज कराएगी पुलिस**

मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के भी बयान दर्ज करने पर विचार कर रही है। बता दें कि प्रताप सिम्हा ने ही आरोपियों सागर शर्मा और मनोरंजन डी के विजिटर पास को अपनी स्वीकृति दी थी। सीन रिक्रिएट कराने के लिए आरोपियों को जल्द संसद ले जा सकती है पुलिस शुक्रवार को पुलिस आरोपियों को उन जगहों पर लेकर गई, जहां आरोपियों ने मिलकर संसद में घुसपैठ की साजिश रची थी।

पुलिस संसद से भी इजाजत लेकर जल्द ही आरोपियों को संसद भवन ले जाकर सीन रिक्रिएट करा सकती है। पुलिस ने मामले में हिरासत में लिए गए महेश कुमवात को भी क्लीन चिट नहीं दी है। महेश पर आरोप है कि उसने मास्टरमाइंड ललित झा को भागने में मदद की थी।

दिल्ली पुलिस जल्द ही ललित झा को राजस्थान के नागौर ले जाने की तैयारी कर रही है, जहां फरारी के दौरान ललित रुका था। साथ ही ललित को उस जगह भी ले जाया जाएगा, जहां उसने अपना और अन्य सभी आरोपियों के मोबाइल फोन तोड़े थे। बता दें कि गिरफ्तार सभी पांचों आरोपियों को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा की उज्जैन से शुरुआत, पीएम व सीएम ने दिखाई हरी झंडी



उज्जैन। देश के पांच राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शनिवार को शुभारंभ हो गया। प्रदेश में यात्रा की शुरुआत उज्जैन से हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी यात्रा को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। यात्रा में शामिल 11 वैनों को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत के लिए दशहरा मैदान पर कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान मुख्यमंत्री डा. यादव के साथ सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा और पूर्व कैबिनेट मंत्री पारस जैन सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने पांच राज्यों मप्र, राजस्थान, तेलंगाना, मिजोरम और छत्तीसगढ़ में यात्राओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जहां से दूसरों की गारंटी खत्म हो जाती है, वहां मोदी की गारंटी शुरू होती है।

मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रसार के लिए भी अपील की। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में 21 लाभार्थी शिविर भी लगाए जाएंगे। गृहनगर पहुंचने पर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत दशहरा मैदान पर हुए कार्यक्रम के बाद नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मोहन यादव का उनके गृह नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। शहर भर में 1500 से अधिक मंच लगाए गए। स्वागत का सिलसिला दशहरा मैदान से शुरू होकर पुराने शहर तक चला। इस दौरान हजारों की संख्या में नेताओं, कार्यकर्ताओं और आमजन ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

# आलू पैनकेक ऐसे बनाएं



**सामग्री-**

आलू (उबले और मैस किए हुए)- 4 , बेकिंग पाउडर- 1/2 चम्मच, घी- 1/2 कप, गेंहू का आटा- 1 कप, दूध- 3 कप, अंडा- 2, इलाइची पाउडर- 1/2 चम्मच, मक्खन- 2 चम्मच, चीनी- 2 चम्मच

**विधि-**

सबसे पहले एक बर्तन में मैश किए हुए आलू और आटा लें। सबकुछ डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इधर आप उबले हुए दूध और अंडा को भी अच्छे से फेंट लीजिए और इस मिश्रण को आटे वाले मिश्रण में डालकर अच्छी से बैटर तैयार कर लीजिए। इसके बाद इस बैटर में इलाइची पाउडर, घी और चीनी को भी डालकर मिक्स कर लीजिए।

अब आप एक तवे में मक्खन डालकर गर्म करें और गर्म होने के बाद तैयार बैटर को इस तवे में डालें और दोनों साइड ब्राउन होने तक अच्छे से पका लीजिए। बस तैयार है आपका आलू का पैनकेक।

# इस तरह स्टोर करें लहसुन का पेस्ट, महीने भर रहेगा फ्रेश

**लहसुन हर भारतीय रसोई में पाई जाती है। इसके बिना खाने में स्वाद नहीं आता है। लहसुन का फ्लेवर दाल, सब्जी आदि चीजों में डाला जाए तो लोगों ने उंगलियां तो चाटते ही हैं, साथ में खाने की खुशबू में कई गुना बढ़ जाती है। वहीं इसका फ्लेवर भी काफी स्ट्रॉग होता है।**

लहसुन को फूड आइटम में डालने से पहले कूटा जाता है, ताकि ये अच्छी तरह से मिक्स हो जाए और मुंह में लहसुन की गांठ ना आए। बार- बार लहसुन छीलना लगता है मजबूरी का काम- वहीं बार- बार लहसुन छीलकर इसका पेस्ट बनाना काफी लंबा-चौड़ा काम लगता है, इसलिए महिलाएं कई बारी लहसुन का पेस्ट ज्यादा मात्रा में बनाकर इसे स्टोर कर लेती हैं। लेकिन इससे ये खराब हो सकता है। लहसुन का पेस्ट बनाने के लिए सबसे पहले लहसुन को छीलकर मिक्सी में डालकर पेस्ट बना लें। इस बात का खास ध्यान रखें कि एक भी गांठ खराब नहीं होनी चाहिए।




इसके बाद एक पॉलीथीन रैप लें और उसमें लहसुन के पेस्ट हाथों से अच्छी तरह चपटा करके उसके अंदर भर दीजिए। अब चम्मच की मदद से पॉलीथीन के ऊपर से लाइन बना दें। इनको क्यूब्स की शेप देने की कोशिश करें। इससे आपको क्यूब्स निकालने में आसानी होगी। अब इसे फ्रीजर में स्टोर कर लें। आप इसे फ्रीजर में महीनेभर तक स्टोर कर सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: 9407423966। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।